कार्यालय मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार,
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष : 0522–2288656 cehydelpcl@gmail.com फैक्स : 0522–2288655

पत्रांक : /अ–7/टी0जी0–2(वि0)/सीधी भर्ती/2018 दिनांक :13/11/2018

**कार्यालय ज्ञाप**

सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ के पत्रांक 4409/विसेआ/6–2015/टी0जी0–2 दिनांक 06.11.2018 द्वारा *"मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में दायर याचिका सं0 10762/2018 में दिये गये निर्देश एवं अवमानना याचिका सं0–5391/2018 के अनुपालन में विद्युत सेवा आयोग द्वारा* विज्ञापन संख्या 6/विसेआ/2015/टी0जी0–2 के अन्तर्गत *चयनित श्री अवनीश कुमार चौरसिया (अनुक्रमांक–15108866)* टी0जी0–2(प्र0)(विद्युत) को सीधी भर्ती के रिक्त पद के विरूद्ध वेतन बैण्ड–1 में वेतनमान रू0 5200–20200 सादृश्य ग्रेड वेतन रू0 2600 (अन्य भत्ते उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 में लागू नियमानुसार) तथा वर्णित सेवा शर्तो एवं अन्य प्रतिबन्धों के अधीन निम्न तालिका के अनुसार उनके नाम के सम्मुख स्तम्भ–08 में अंकित डिस्काम को एतद्द्वारा नियुक्ति हेतु आवंटित किया जाता है:–

| S. No | Roll No. | Name of Candidate | Father's Name | Category | D.O.B | Home District | Alloted Nigam |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 15108866 | Awanish Kumar Chaurasia | Sri Rambarai Chaurasia | OBC | 15-07-1979 | Deoria | Varanasi Discom |

1. उपरोक्त अभ्यर्थी को खण्ड में टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु प्रबन्ध निदेशक द्वारा अपने स्तर से अधीनस्थ खण्ड को आवश्यकतानुसार आवंटित किया जाएगा एवं सम्बन्धित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता द्वारा उनकी नियुक्ति यथासम्भव उनके गृह जनपद में इस प्रकार की जाएगी कि उनकी तैनाती उस उपखण्ड में न हो जहाँ पर उनका गृह स्थान स्थित है।
2. **प्रशिक्षण** :– उपरोक्तानुसार नियुक्ति के पश्चात् एक माह का आधारभूत प्रशिक्षण निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिया जायेगा जिसकी सूचना निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ द्वारा सीधे टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) के तैनाती इकाई (डिस्काम) से सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक को दी जायेगी। प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का मूल्यांकन असन्तोषजनक पाये जाने पर इनका प्रशिक्षण 1 माह और बढ़ा दिया जायेगा। इसके बाद भी सन्तोषजनक न पाये जाने पर टेक्नीशियन ग्रेड–2 (विद्युत) प्रशिक्षु के पद पर उनको दी गयी नियुक्ति निदेशक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ की संस्तुति पर सम्बन्धित डिस्काम के सक्षम अधिकारी द्वारा समाप्त भी की जा सकती है। उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान उन्हें टेक्नीशियन ग्रेड–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के पद हेतु नियमानुसार अर्ह वेतन एवं अन्य भत्ते देय होगें।
3. सेवा विनियमावली की धारा 23 (1) के अनुसार इस प्रकार नियुक्त अभ्यर्थी कुल 2 वर्ष के परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रहेंगे एवं इन पर परिचालकीय कर्मचारी सेवा विनियमावली 1995 (यथा संशोधित) के अन्य समस्त प्राविधान एवं शर्ते लागू होगी।
4. डिस्काम को आवंटित टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत की वरिष्ठता (Seniority) उनकी तैनाती इकाई (डिस्काम) के सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक द्वारा विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली मेरिट लिस्ट के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

.....2

5. *सचिव, विद्युत सेवा आयोग के पत्रांक पत्रांक* **4409 / विसेआ / 6–2015 / टी0जी0–2** **दिनांक 06.11.2018** *के अनुपालन में नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व नियुक्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि (1) आवेदन पत्र पर लगी फोटो, हस्ताक्षर, अँगूठा निशान, प्रवेश पत्र पर लगे फोटो, हस्ताक्षर अँगूठा निशान आदि आपस में मेल खाते हैं। (2) संगत सेवा विनियम में निहित प्राविधानों का अनुपालन तथा अभ्यर्थियों के अभिलेखों की मूल प्रमाण पत्रों से जॉच अपने स्तर पर कराना समीचीन होगा। (3) अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न प्रमाण पत्रों की सम्बन्धित संस्था से प्रमाणिकता की जॉच नियुक्ति अधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।*

**मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**संख्या : /अ–7/तद्दिनांक/**

प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी को श्री अवनीश कुमार चौरसिया(अनुक्रमांक–15108866) की 01 अद्द मूल पत्रावली(फोल्डर) इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने नियंत्रणाधीन खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को उनके खण्डों में टी0जी0–2 (प्रशिक्षु) विद्युत के सीधी भर्ती के रिक्त पदों के विरूद्ध उपरोक्तानुसार उक्त प्रस्तर–5 के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये नियुक्ति पत्र यथाशीघ्र निर्गत करने का कष्ट करें ।

**संलग्नक : यथोपरि।**

**(जितेन्द्र बहादुर सिंह)**
**वैयक्तिक सहायक–द्वितीय**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**संख्या : /अ–7/तद्दिनांक/**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव, निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ को सूचनार्थ एवं यथावश्यक कार्यवाही हेतु।

**(जितेन्द्र बहादुर सिंह)**
**वैयक्तिक सहायक–द्वितीय**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**

**संख्या : 1274-/अ–7/तद्दिनांक/ 13-11-18**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, विद्युत सेवा आयोग, लखनऊ को उनके पत्रांक 4409 / विसेआ / 6–2015 / टी0जी0–2 दिनांक 06.11.2018 के संदर्भ में।
2. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया कारपोरेशन की वेबसाइट पर शीघ्र अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

13/11/18

**(जितेन्द्र बहादुर सिंह)**
**वैयक्तिक सहायक–द्वितीय**
**कृते मुख्य अभियन्ता (हाइडिल)**